INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Date:**
Worksheet No: 8	**Topic: अर्थग्रहण**	**Note: Pl. file in portfolio**

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

रवीना पाँचवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह पढ़ाई और खेल-कूद में बहुत अच्छी थी। वह अपनी क्लास की फुटबॉल टीम की कैप्टन भी थी| वह बहुत मिलनसार स्वभाव की थी इसलिए उसके बहुत सारे मित्र थे। उसके सभी मित्र, शिक्षक, शिक्षिका, माता-पिता और दादा-दादी उससे बहुत प्यार करते थे।

रवीना की कक्षा में एक नई लड़की ने दाखिल लिया जिसका नाम साइना था। साइना भी पढ़ाई और खेल में बहुत अच्छी थी। रवीना ने देखा कि धीरे-धीरे सभी बच्चे और शिक्षक साइना को पसंद करने लगे हैं। रवीना को लगा कि साइना उसकी जगह ले रही है। अब रवीना नाराज़ रहने लगी उसे साइना से जलन होने लगी। सबने देखा कि अब रवीना सबको गुस्से से जवाब देती थी और किसी भी बात पर नाराज हो जाती थी। उसका गुस्सा देखकर उसके मित्र और दूसरे बच्चे उससे कम बातें करने लगे। साइना ने भी जब रवीना से दोस्ती करने की कोशिश की तो रवीना ने मना कर दिया। धीरे-धीरे रवीना अकेली पड़ गई और उदास रहने लगी।

एक दिन उसकी माँ ने उसे पास बुलाया और समझाया कि किसी नए मित्र के आ जाने से पुराने मित्र के लिए प्यार कम नहीं होता। इसी तरह साइना के आने से सभी के मन में रवीना के लिए प्यार कम नहीं होगा। हाँ अगर रवीना इसी तरह गुस्सा करती रही तो उसके सभी मित्र उससे दूर हो जाएँगे। यह बात रवीना की समझ में आ गई और उसने गुस्सा करना छोड़ दिया। जल्द ही उसके मित्र फिर उससे बातें करने लगे और साइना भी उसकी अच्छी मित्र बन गई।

1. रवीना कौन-सी कक्षा में पढ़ती थी?

A. दूसरी कक्षा में B. तीसरी कक्षा में

C. सातवीं कक्षा में D. पाँचवीं कक्षा में

2. रवीना किन बातों में अच्छी थी?

A. केवल पढ़ाई में B. केवल खेल में

C. नृत्य में D. पढ़ाई और खेल-कूद दोनों में

3. रवीना किस टीम की कैप्टन थी?

A. क्रिकेट टीम की B. हॉकी टीम की

C. कबड्डी टीम की D. फुटबॉल टीम की

4. रवीना का स्वभाव कैसा था?

A. चिड़चिड़ा B. शर्मीला

C. मिलनसार D. आलसी

5. रवीना को कौन-कौन प्यार करते थे?

A. केवल मित्र B. केवल शिक्षक

C. केवल माता-पिता D. शिक्षक, मित्र और परिवार के सभी सदस्य

6. रवीना की कक्षा में आई नई लड़की का नाम क्या था?

A. रीना B. सिया

C. साइना D. सोनिया

7. रवीना को साइना से जलन क्यों होने लगी?

A. साइना ने उसे डाँटा था

B. साइना घमंडी थी

C. सब लोग साइना को पसंद करने लगे थे

D. साइना उससे लड़ती थी

8. साइना से जलन होने के कारण रवीना के व्यवहार में क्या बदलाव आया?

A. वह खुश रहने लगी B. वह गुस्सा करने लगी

C. वह हर बात पर रोती थी D. वह स्कूल नहीं जाती थी

9. रवीना के गुस्से का क्या परिणाम हुआ?

A. वह अकेली पड़ गई B. सब उससे और प्यार करने लगे

C. वह टीम से निकाल दी गई D. उसे इनाम मिला

10. रवीना को किसने समझाया?

A. उसके शिक्षक ने B. उसके पिता ने

C. उसकी सहेली ने D. उसकी माँ ने

****